लाख उत्पादन पर प्रशिक्षण

वन उत्पादकता संस्थान,रांची

17.01.2018

एक दिवसीय लाख उत्पादन पर प्रशिक्षण एस.पी.डब्लू.डी. रांची संस्था,द्वारा पुरुलिया (प.बंगाल) जिले के पुन्दाग (कोटशिला) में दिनांक 17.01.2018 को आयोजित किया गया| एक दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन परियोजना समन्वयक श्री सुमन कल्याण मंडल द्वारा किया गया| इस संस्थान के तकनीकी अधिकारी श्री एस.एन.वैद्य,ए०सी०टी०ओ०,कृषि-वानिकी एवं प्रसार प्रभाग ने प्रतिभागियों को वैज्ञानिक विधि से लाख उत्पादन कैसे करें कब करें और किन-किन पोषक पौधों पर लाख उत्पादन लिया जा सकता है, इसकी जानकारी से अवगत कराया|साथ ही साथ फ्लेमेंजियासेमियालता पर उन्नत विधि द्वारा लाख उत्पादन के साथ में अन्य फसलों से कैसे अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो तथा लाख एवं लाख से बने उप उत्पाद का उपयोग के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी गयी| प्रशिक्षण में 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया|